# चावल घोटालाः राज्य सरकार ने उच्चा स्तरीय जांच के लिए प्रदेश के 16 जिला कलेक्टरों को जारी किया आदेश

**रायपुर।** राज्य सरकार ने खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग में हुए चावल घोटाले को लेकर प्रदेश के 16 जिले के कलेक्टरों को इस मामले में उच्च स्तरीय जांच के लिए आदेश जारी किए है।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के आयुक्त डा. कमलप्रीत सिंह ने ये आदेश 5 सितंबर 2019 को जारी किए है। इस आदेश में प्रदेश के 16 जिले जिनमें रायगढ़, बलौदाबाजार, मुंगेली, राजनांदगांव, जांजगीर-चांपा, दुर्ग, दंतेवाड़ा, जशपुर, कवर्धा, कोण्डागांव, कोरिया, बालोद, बिलासपुर, महासमुंद, रायपुर एवं कोरबा के कलेक्टरों को आदेश जारी किया गया है कि पूर्व भाजपा शासनकाल में अरबो रूपयों का चावल (राशन) का घोटाला किया गया है, जिसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष होकर जांच करें।




आदेश पत्र में कहा गया है कि परमानंद जांगड़े पूर्व जिला पंचायत सदस्य रायपुर द्वारा 19 जुलाई 2019 को छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को शिकायत पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने पूर्व भाजपा शासनकाल में खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर चावल का महाघोटाला की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। आदेश में पूर्व जिला पंचायत सदस्य की शिकायत को आधार बनाकर राज्य सरकार ने प्रदेश के 16 कलेक्टरों को इस मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए है। आदेश में कलेक्टरों को से भी कहा गया है कि इस मामले की जांच रिपोर्ट 20 सितंबर तक विभाग को सौंपी जाए।

## कैमरा के जरिए ई-चालान काटकर घरों में भेजा जा रहा नोटिस

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में अब यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को सिग्नल पर लगे कैमरों की मदद से ई-चालान काटकर यातायात पुलिस द्वारा उनके घरों में नोटिस भेजने का काम शुरू कर दी है।

शहर में जगह-जगह पर सिग्नल पाईंट के पास लगे कैमरों की मदद से यातायात पुलिस ने अब ई-चालान काटने का काम शुरू कर दिया है। ई-चालान काटकर संबंधित वाहन चालक को नोटिस भी भेजी जा रही है। साथ ही वाहन चालकों की यातायात नियम का उल्लंघन करने के संबंध में वीडियो फुटेज दिखाकर काउंसिलिंग की जा रही है फिर उनसे जुर्माना राशि जमा कराई जा रही है। यातायात पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक बड़ी संख्या में उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों का काउंसलिंग हो चुकी है। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों ने भी काउंसलिंग से सहमत होते हुए स्वेच्छा पूर्वक समन शुल्क राशि जमा कराई है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कंपनी की मशीन के बेल्ट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

» पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**रायपुर (आरएनएस)।** कंपनी में काम करते वक्त मजदूर का गमछा मशीन के बेल्ट में फंसने के चलते उसकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए मजदूरों ने काम बंद कंपनी प्रबंधक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक काम कराए जाने की बात कहते हुए नारेबाजी शुरू कर मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। घटना की स्थिति की सूचना किसी ने उरला थाने में दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश सीधी ग्राम जेठौरा निवासी शिवम कुशवाहा 25 वर्ष अविनाश इस्पात में पिछले तीन साल से फायरमैन के रूप में कार्यरत था। आज सुबह शिफ्ट में वह फैक्ट्री में काम करने गया था। फैक्ट्री की एक मशीन के खराब हो जाने पर उसे सुधारते समय युवक का गमछा मशीन के बेल्ट में फंस जाने के चलते वह बुरी तरह से जख्मी हो गया जिसके चलते उसकी घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। घटना से गुस्साए मजदूरों ने कंपनी प्रबंधक के खिलाफ काम के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अपराध कायम करने की मांग करते हुए मृतक के परिजनों को मुआवजा राशि देने की मांग करते हुए कंपनी में हंगामा शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की बात करते हुए मजदूरों को कंपनी प्रबंधक व उनके बीच आपसी सहमति से शांत कराया।

### सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने मारी ठोकर, मौत

» अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम

**रायपुर (आरएनएस)।** सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार बंजारी नगर रावाभांठा खमतराई रायपुर निवासी मुरारी नायक 35 वर्ष पिता जगदीश नायक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि व्यास तालाब के पास खमतराई में प्रार्थी के भतीजा चुम्मन नायक 20 वर्ष पिता किशन नायक को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने ठोकर मार दिया था जिसके चलते घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया।

### गड्ढे में फॅसे दो ट्रेलर , घंटो बाधित रहा बालको-रिसदी मार्ग

**कोरबा (आरएनएस)।** बदहाल बालको-रिसदी मार्ग पर सैकड़ों की संख्या में वाहनों की पहिए थम गए। रास्ते में बड़े गड्ढे पर दो ट्रेलर के फंसने से इस तरह के हालात पैदा हो गए। इसके चलते लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। काफी मशक्कत के बाद रास्ते से ट्रेलरों को हटाने का काम आज सुबह हो सका। तब कहीं जाकर यहां से आवाजाही सामान्य हुई। खबर है कि सोमवार की रात लगभग 11 बजे बाइपास रोड से सामान लेकर गंतव्य को जा रहे दो ट्रेलर ढेंगुरनाला पुल के आगे फंस गए। मौके पर पहले से ही गड्ढा था और बारिश का पानी उसमें भर गया। चालक इससे अनभिज्ञ थे। इसके चलते उनके वाहन यहां फंस गए। इसके साथ ही बालको और रिसदी की तरफ से आ रहे वाहनों की लाइन रास्ते में लग गई। जानकारी मिलने के बाद यहां आवश्यक काम किया गया।

### कुंए में गिरकर महिला की बनी जल समाधि

**कोंडागांव (आरएनएस)।** घटना थाना क्षेत्र फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत पतोड़ा के आश्रित ग्राम कोर्राबड़गांव की है जहां घर के बाड़ी में बनी कुएं में गिरकर महिला की मौत हो गई। कार्राबड़गांव पुजारीपारा निवासी मृतिका फगनी बाई पोयाम पति पीलूराम पोयाम अपने भाई के घर जाने निकली थी। देर शाम तक न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू कर दी आसपास परिवार वालों से भी खोज खबर ली गई लेकिन कहीं उसका पता नहीं चला। मृतिका के परिवार के सदस्य रामवती पोयम घर के बाड़ी में बने हुए कुएं में हाथ पैर धोने गई थी और पानी में शव को उल्टा तैरते हुए देखकर तुरंत दोड़कर घर वालों को खबर दी।

## लग्जरी बस पलटी, कई घायल

**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में अर्जुनी थाना क्षेत्र में गागरा पुल के पास आज सुबह तेज रफ्तार लग्जरी बस अनियंत्रित होकर पेड़ो से टकराते हुए पलट गई जिससे उसमें सवार कई यात्री घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मनीष ट्रेवेल्स की लग्जरी बस बैलाडीला से 25 यात्रियों को लेकर दुर्ग के लिए निकली थी। तेज रफ्तार बस अर्जुनी क्षेत्र के गागरा पुल के पास पहुंची ही थी कि सुबह करीब 5.45 बजे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ों से टकराते हुए सड़क से नीचे उतरकर 12-15 फीट दूर गहराई में जाकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार कई लोगों को चोटें आई है। इनमें कुछ लोगों को गंभीर चोटें भी आई है। हादसे के बाद घटना स्थल पहुंची पुलिस ने आम लोगों की मदद से घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका इलाज जारी है।



## बम समेत 5 वारंटी नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस)।** बीजापुर जिले के बासागुड़ा इलाके से सीआरपीएफ 168 और कोबरा 204 बटालियन ने पांच फरार वारंटी नक्सलियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से प्रेशर कुकर, वायर व अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि पकड़ाए नक्सलियों में जनताना सरकार अध्यक्ष पेगड़ापल्ली के पूनेम बुधराम, मिलिशिया सदस्य राकेश पोटाम, ओयाम सन्नू, ताती सोना और माड़वी बसंत शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि पकड़ाए नक्सली लम्बे समय से एरिया कमेटी में जुड़कर कार्य कर रहे थे। उक्त नक्सली मुख्य रूप से संतरी ड्यूटी, सड़क खोदने, ग्रामवासियों को नक्सलियों की मीटिंग में बुलाने एवं रेकी करने का कार्य करते थे। गिरफ्तार सदस्य नक्सली संगठन में ग्रामीणों को जोड़कर रखने, नक्सलियों के लिए भोजन व्यवस्था करने, गांव के युवक-युवतियों को संगठन में जोड़ने, लीडरों के इशारे पर बम लगाकर पुलिस को क्षति पहुंचाने, गांव-गांव में केम्प लगाकर वर्दी सिलाई करने, ग्रामीणों को नक्सली मीटिंग में बुलाने के अलावा नक्सलियों को दवाइयां व अन्य दैनिक सामान उपलब्ध कराने का काम करते थे।



## ऑन लाईन दो लाख रूपए लोन लेने के चक्कर में युवक ने गंवाई एक लाख चालिस हजार

» पैसा बाजार डॉट इन पर ऑन लाईन लोन लेना पड़ा महंगा

» धोखाधड़ी का मामला दर्ज



**रायपुर (आरएनएस)।** पैसा बाजार डॉट इन से लोन के लिए 2 लाख रूपए ऑनलाईन आवेदन करना युवक को पड़ा महंगा। लोन देने के नाम पर अलग-अलग प्रोसेसिंग फीस लेकर 1 लाख 39 हजार 715 रूपए की धोखाधड़ी किए जाने के रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार बीरगांव खमतराई निवासी राजीव कुमार चौबे 28 वर्ष पिता कृष्ण मोहन चौबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ट्रांसपोर्ट नगर रावांभाठा में प्रार्थी ने 4 सितंबर को 2 लाख रूपए लोन के लिए पैसा बाजार डॉट इन कंपनी में ऑनलाईन आवेदन दिया था जिसके एवज में कंपनी द्वारा 4 सितंबर से 7 सितंबर के मध्य प्रोसेसिंग फीस के तौर पर 5 हजार 3 सौ 70 रूपये का भुगतान करने कहने पर एकाउंट नंबर जो कि पैसा बाजार फायनेंस खाता क्रमांक 607501012000024 में जमा करा दिया। इसके बाद फिर एलआईसी के नाम पर 9 हजार 8सौ 75 रूपये एग्रीमेंट के नाम पर 12 हजार 8 सौ 90 रूपये अनहोल्डिंग के नाम पर 15200 रूपये जीएसटी के नाम पर 28 हजार रूपये बैंक फिस के नाम पर 18 हजार 5 सौ 65 नो डियूस के नाम पर 12 हजार 4 सौ नेशनल वेरीफिकेशन के नाम पर 8 हजार 8 सौ 50 और आईटीआर के नाम पर 28 हजार 5 सौ 65 रूपये इस तरह से कुल 1 लाख 39 हजार 7 सौ 15 रूपए लेकर लोन के 2 लाख नहीं भेजा व आरोपी द्वारा दिया मोबाईल नंबर को बंद कर धोखाधड़ी किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

## डेंगू,स्वाइन फ्लू और जापानी इन्सेफेलाइटिस के बढ़े मरीज

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** दक्षिण बस्तर में जापानी इन्सेफेलाइटिस (जेई), डेंगू और स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिले में एक महीने के भीतर डेंगू से ग्रसित छह मरीज और जापानी बुखार के सात मरीज पाए गए वहीं बचेली में एक मरीज स्वाइन फ्लू जांच सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि संक्रमित बीमारियों से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया था जिसमें लोगों को बचाव के उपाय बताए गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बचेली में स्वास्थ्य विभाग और पशु विभाग की संयुक्त टीम ने लगभग डेढ़ माह पहले दो सुअरों का ब्लड सैंपल लिया, जिसे जांच के लिए बैंगलोर भेजा गया। रिपोर्ट के अनुसार सुअर में जापानी बुखार फैलाने वाले खतरनाक वायरस पाए गए थे।

## नस काटकर युवक ने की आत्महत्या

**कोरबा (आरएनएस)।** एक ओर परिवार के सभी सदस्य कल सुबह धान खेत में निदायी करने गए थे। वहीं दूसरी ओर युवक कल शाम नशे में धूत होकर घर पहुंचा और मुसलाधार बारिश के दौरान आंगन में कलाई की नस काटकर अपनी जान दे दी।

मिली जानकारी के अनुसार पाली थाना अंतर्गत ग्राम बुड़बुड़ निवासी रामरतन रोहिदास उम्र 23 पिता बंधुराम रोहीदास मदिरापान का आदी हो चुका था।कल सुबह उसका बड़ा भाई रामाशंकर रोहीदास उसकी पत्नी तथा परिवार के अन्य सदस्य धान खेत में खरपतवार की निदायी करने गए थे। सुबह से शाम तक परिवार के सभी सदस्य खेत में लगे रहे। इधर शाम 5 बजे के लगभग रामरतन शराब पीकर नशे में धुत होकर घर लौटा। उस दौरान उसके बड़े भाई के छोटे.छोटे बच्चे घर में मौजूद थे। उसने घर पहुंचते ही मुसलाधार बारिश के दौरान घर में से ब्लेड निकालकर आंगन में खाट पर बैठ गया और उसने ब्लेड से अपने दाहिने हाथ की कलाई में कई बार प्रहार कर अनेकों नसों को चीर दिया। आंगन में पड़े रामरतन को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रही रहे थे कि अत्यधिक रक्तश्राव होने के कारण उसके मौके पर ही प्राण पखेरू उड़ गए।

## डांस ग्रुप को लेकर आते समय तेज रफ्तार पिकअप सड़क किनारे खड़ी हाईवा से भिड़ा, एक की मौत

» हादसे के वक्त पिकअप में 22 लोग सवार थे

» घायलों को 112 के माध्यम से अस्पताल में भर्ती किया गया

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार पिकअप वाहन में 22 लोगों को डांस कार्यक्रम से लेकर आते समय सड़क किनारे खड़ी हाईवा से अनियंत्रित होकर टकरा जाने के चलते पिकअप में सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वही अन्य लोगों को चोट लगने के चलते उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम साकिन सम्भार थाना तेंदुकोना जिला महासमुंद निवासी टीकम मरार 35 वर्ष पिता यशराम मरार ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सोमवार की रात्रि 2.30 बजे ग्राम सम्भार 9 सितंबर की रात्रि 9 बजे जय मां काली डांस ग्रुप के 22 कलाकारों को लेकर डांस की प्रस्तुती देने के लिये पिकअप वाहन क्रमांक 06जीएन 1089 का चालक संतराम साहू 27 वर्ष पिता ईश्वरलाल साहू बागबाहरा से ग्राम टेकारी रायपुर के पास गया था वापस आते समय पिकअप को तेज रफ्तार से चलाने के चलते रात्रि करीबन 2:30 बजे नेशनल हाईवे रोड पारागांव के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी हाईवा से टकरा गई। जिसके चलते पिकअप वाहन के सामने बैठे ग्राम सम्भर थाना तेदुकोना जिला महासमुंद निवासी मनोज पटेल 26 वर्ष पिता बबला पटेल की घटना स्थल पर ही सिर में गंभीर चोट लगने के चलते मौत हो गई व पीछे बैठे अन्य लोगों को चोट लगने के चलते 112 के माध्यम से आरंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप वाहन चालक के द्वारा तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के जुर्म में धारा 279,337,304 ए के अपराध दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है।

## ऋषिकेश मुखर्जी शैली की फिल्में वापस आ रही हैं : यामी

अभिनेत्री यामी गौतम का मानना है कि ऋषिकेश मुखर्जी शैली की फिल्में अपनी वापसी कर रही हैं क्योंकि आजकल ऐसी फिल्में बन रही हैं जिनमें विषय सामग्री और हंसी-मजाक पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

यामी जल्द ही फिल्म बाला में नजर आएंगी। ऋ षिकेश मुखर्जी ने 70 और 80 के दशक में कई हिट फिल्में दीं। यामी खुद उनकी चुपके चुपके और गोलमाल जैसी फिल्मों की बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। यामी यह देखकर काफी हैरान हैं कि उस शैली की फिल्में साल 2019 में अपनी वापसी कर रही हैं।


यामी का कहना है, चूंकि कहानियां इतनी अलग-अलग तरह की हैं कि लोग इन दिनों विभिन्न प्रकार की फिल्मों को बनते देख सकते हैं। यह एक अच्छी बात है कि कोई फिल्म परफेक्ट तरीके से काम करने की गारंटी के साथ नहीं आ रही है। लोगों की रोजमर्रा की जिंदगियों पर फिल्में बन रही हैं। उनमें एक मैजिक और चार्म है।



उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक और काबिल जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं यामी का कहना है कि फिल्मों में आम लोगों को हीरो के तौर पर दिखाया जा रहा है जिससे लोग खुद को उनके साथ जोड़ सकते हैं।

यामी ने आगे कहा, आजकल की फिल्मों में सापेक्षता का गुण है। मुझे इस शैली की और फिल्मों के आने का इंतजार है जिनकी कहानी दिलचस्प हो। मुझे ऐसा लगता है कि ऋषिकेश मुखर्जी शैली की फिल्में वापस आ रही हैं।

## पृथ्वीराज चौहान की बायॉपिक में काम करेंगे अक्षय कुमार



बॉलिवुड स्टारअक्षय कुमार ने अपने 52वें जन्मदिन पर घोषणा की है कि वह भारतीय इतिहास में बहादुर राजा पृथ्वीराज चौहान की बायॉपिक में टाइटल रोल निभाने जा रहे हैं। अक्षय ने सोशल मीडिया पर इसका एक मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। इस बायॉपिक का नाम भी पृथ्वीराज होगा। अक्षय ने इस मोशन पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा, अपने जन्मदिन पर मेरी पहली ऐतिहासिक फिल्म के बारे में बताते हुए गर्व हो रहा है। मुझे खुशी है कि मुझे एक ऐसे हीरो का किरदार निभाने का मौका मिला है जिसे अपनी बहादुरी और मूल्यों के लिए जाना जाता है- सम्राट पृथ्वीराज चौहान, मेरी सबसे बड़ी फिल्मों में से एक। वैसे देखा जाए तो यह अक्षय की पहली ऐतिहासिक फिल्म नहीं है क्योंकि इसी साल सारागढ़ी की लड़ाई की ऐतिहासिक घटना पर बनी फिल्म केसरी भी रिलीज हुई थी जिसमें अक्षय ने लीड रोल निभाया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

## ब्रेकफस्ट न करने से बढ़ता है ब्रेन डैमेज का खतरा

ब्रेन डैमेज होना एक चोट है जो मस्तिष्क कोशिकाओं के विनाश का कारण बनती है। जब आपका मस्तिष्क जो आपके शरीर का नियंत्रण केंद्र है क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो आपके विचार, स्मृति, संवेदना और यहां तक कि व्यक्तित्व भी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। इसलिए, अपने जीवन और शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करने के लिए उम्र बढ़ने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं ताकि शरीर के साथ-साथ ब्रेन भी हेल्दी बना रहे। आयुर्वेदाचार्य डॉ. ए के मिश्रा उन 5 खतरनाक आदतों के बारे में बता रहे हैं जिससे ब्रेन डैमेज होने का खतरा रहता है...

**नमक का ज्यादा सेवन-** जामा न्यूरॉलजी के जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के मुताबिक नमक का अधिक सेवन हाई ब्लड प्रेशर के जोखिम को बढ़ा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप याददाश्त में कमी और ब्रेन स्ट्रोक का खतरा बढ़ सकता है। स्ट्रोक का एक उच्च जोखिम आपके मस्तिष्क को काफी गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है।

**ब्रेकफस्ट न करना-** शोध बताते हैं कि ब्रेकफस्ट स्किप करना आपके मस्तिष्क को पर्याप्त पोषक तत्व प्राप्त करने से रोकता है, संज्ञानात्मक कार्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। यह मस्तिष्क को विनियमित करने से रोकता है, यह ब्रेन डैमेज की संभावना को बढ़ाता है।

**मोबाइल का अधिक यूज-** शोधकर्ताओं ने पुरुषों में नींद की गड़बड़ी और अवसादग्रस्तता लक्षणों के लिए उच्च मोबाइल फोन के उपयोग को जोड़ा है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) द्वारा किए गए एक अध्ययन में मोबाइल फोन विकिरण के लंबे समय तक संपर्क में रहने पर ब्रेन ट्यूमर का खतरा बढ़ सकता है।



**नींद की कमी-** एक अध्ययन में पाया गया कि नींद की कमी से मस्तिष्क को नुकसान हो सकता है और इसके परिणामस्वरूप प्रारंभिक स्मृति हानि या अल्जाइमर रोग हो सकता है।